जपले प्राणी राम का नाम मुश्किल में यही आएगा काम

जपले प्राणी राम का नाम मुश्किल में यही आएगा काम,
राम नाम इक सच्चा सहारा झूठे है रिश्ते नाते तमाम,
जपले प्राणी राम का नाम मुश्किल में यही आएगा काम,

भाई बंधू मित्र सखा संकट में सब छोड़े साथ,
आये न उस पे विपदा जिस के सिर पे है श्री राम का हाथ,
हर कश्ती का है राम किनारा सब की मंजिल राम का धाम,
जपले प्राणी राम का नाम मुश्किल में यही आएगा काम,

दूर रहेगा अगर माया से तो राम रहेंगे तेरे पास
मन को बना ले मंदिर तू श्री राम करेंगे इस पे बात,
दो अक्षर का नाम ये प्यारा भजले ये तू सुबह और शाम,
जपले प्राणी राम का नाम मुश्किल में यही आएगा काम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16316/title/jple-praani-ram-ka-nam-mushkil-me-yahi-aayega-kaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |